जयपुर के मशहूर सिटी पार्क में होगा 'रोज शो-2023' का आयोजन

चर्चा में क्यों?

17 फरवरी, 2023 को आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से 26 फरवरी को जयपुर के मशहूर सिटी पार्क में 48वाँ 'रोज शो-2023' का आयोजन किया जाएगा। ।

प्रमुख बिंदु

- आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा के साथ सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर कार्यक्रम की कार्ययोजना को साझा किया। आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि 48वाँ रोज शो में गुलाब की 500 से अधिक किस्मों को प्रदर्शित किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि सिटी पार्क में पूर्व में ही 'जयपुर फ्लावर शो'का एरिया विकसित किया गया था, जो कि लोगों में खासा आकर्षण बना हुआ है। सोसायटी द्वारा हर वर्ष फरवरी माह में होने वाला 'रोज शो'अब सिटी पार्क में ही आयोजित किया जाएगा, जोकि आने वाले दिनों में पर्यटकों के लिये भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।
- सोसाइटी के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ईश्वर चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सोसाइटी द्वारा हर वर्ष सेंट्रल पार्क व यूथ हॉस्टल में रोज शो का आयोजन किया जाता रहा है, लेकिन इस बार शहर की धड़कन बन चुके सिटी पार्क में यह भव्य शो आयोजित किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि शो में आमजन भी उन्नत किस्म के गुलाब की कलम के साथ हिस्सा ले सकते हैं। अच्छे गुलाबों की किस्मों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा पेंटिंग कंपटीशन सहित कई अन्य रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rose-show-2023-to-be-organized-at-jaipur-famous-city-park